वार्तालाप-596, काठमांडू (नेपाल), दिनांक 06.07.08
Disc.CD No.596, dated 06.07.08 at Kathmandu (Nepal)
Extracts-Part-1

समयः 01.23-02.11

जिज्ञासुः बाबा, ये अभी जो कलंकी अवतार बताया ना ये 18 में संगमयुगी कृष्ण का प्रत्यक्षता होगा उसके पहले होगा या बाद में कलंकी अवतार पार्ट बजाएगा?

बाबाः कलंक पहले लगते हैं या बाद में लगते हैं प्रत्यक्ष होने के बाद? (जिज्ञासुओं ने कहा-पहले।) प्रत्यक्षता हो गई फिर कलंक काहे के? अभी कलंक लग रहे हैं। अभी घड़ी-घड़ी निश्चय घड़ी-घड़ी अनिश्चय पैदा होता है। अभी निश्चय-अनिश्चय का चक्र अभी चल रहा है कि आगे चलता है ही रहेगा हमेशा? अभी चलता है। निश्चय-अनिश्चय का चक्र बंद हो जाएगा तो आत्मा सम्पन्न हो जाएगी।

Time: 01.23-02.11
Student: Baba, will the incarnation of Kalanki mentioned just now take place before the revelation of the Confluence Age Krishna in 2018 or after that?
Baba: Is he disgraced before or later, after being revealed? (Students said: before [revelation].) Why will he will be disgraced after the revelation takes place? He is being disgraced **now**. Now they have faith and doubt every moment. Is the cycle of faith and doubt going on now or will it continue like this forever? It happens **now**. When the cycle of faith and doubt stops, the soul will become complete.

समयः 05.54-10.26

जिज्ञासुः बाबा, सेवकराम ने संगमयुग में ऐसी कौनसी गल्ती की थी कि ब्रह्मा बाबा के घर नौकरी करनी पड़ी?

बाबाः ये बताओ, राम वाली आत्मा और कृष्ण वाली आत्मा। कृष्ण वाली आत्मा का राशि किससे मिलाई जाती है? (बहुतों ने कहा - क्राइस्ट से।) क्राइस्ट से, क्रिश्चियन्स से। क्रिश्चियन्स ज्यादा पतित बनते हैं या हिन्दू ज्यादा पतित बनते हैं? (जिज्ञासु - हिन्दू।) हिन्दू ज्यादा पतित बनते हैं। तो राम वाली आत्मा हिन्दू हुई या क्रिश्चियन्स हुई? (सभी ने कहा - हिन्दू।) तो पतित बनना चाहिए ना।

Time: 05.54-10.26
Student: Baba, what mistake did Sevakram commit in the Confluence Age that he had to serve at Brahma Baba's place?
Baba: Tell [Me], the soul of Ram and the soul of Krishna... With whom is the horoscope of the soul of Krishna matched? (Many said: with that of Christ.) [It is matched] with that of Christ, the Christians. Do the Christians become more sinful or do the Hindus become more sinful? (Student: Hindu.) Hindus become more sinful. So, is the soul of Ram a Hindu or a Christian? (Everyone said: Hindu.) So, he should become sinful, shouldn't he?

सीढ़ी के चित्र में देख लो। कोई नई बात थोड़े ही है। कौन पड़ा हुआ है कांटों की शैया पर और कौन खड़ा हुआ है? बाजू में ही देख लो। (जिज्ञासु - राम वाली आत्मा।) राम वाली आत्मा पड़ी हुई है और कृष्ण वाली आत्मा फिर भी पुरुषार्थ में खड़ी हुई है। तो कौन ज्यादा नीचे गिरता है? (सभी - राम वाली आत्मा।) राम वाली आत्मा नीचे गिरती है। तो ड्रामा प्लैन अनुसार सही गिरती है या गलत गिरती है? (सबने कहा - सही।) और फिर ऊपर देखो, सीढ़ी के ऊपर। ज्यादा ऊँचा कौन उठता है? (कईयों ने कहा - राम वाली आत्मा।) राम वाली आत्मा ऊँची उठती है या कृष्ण वाली आत्मा ज्यादा ऊँची उठती है? (सभी - राम वाली आत्मा।) राम वाली आत्मा ज्यादा ऊँची उठती है। तो ये तो चलता ही है। जो फर्स्ट सो लास्ट। जो लास्ट सो फर्स्ट होता है। तो आप क्या चाहते हैं?

Look in the picture of the Ladder; it is not something new. Who is lying on the bed of thorns and who is standing? Look [at the picture] besides you. (Student: The soul of Ram.) The soul of Ram is lying down and the soul of Krishna is still standing in making *purushaarth* (spiritual effort). So, who experiences downfall more? (Everyone said: The soul of Ram.) The soul of Ram experiences downfall. So, is it right or wrong for him to experience downfall as per the *drama plan*? (Everyone said: It is right.) And then look above; above in the Ladder. Who rises high more? (Many said: The soul of Ram) Does the soul of Ram rise higher or does the soul of Krishna rise higher? (Everyone said: The soul of Ram.) The soul of Ram rises higher. So, this goes on. The one who is *first* comes at the *last*. The one who is at the *last* comes *first*. So, what do you want? ☺

जिज्ञासुः नहीं, ऐसी कौनसी गल्ती की थी बाबा?
बाबाः कौनसी गल्ती की? ये गल्ती की क्या बात है? गल्तियाँ तो आदमी से होती ही रहती हैं। जो आदमी पत्थरबुद्धि बनेगा तो गल्तियों की क्या शुमार? जो लिंग पहले हीरे का लिंग था, शिवलिंग में क्या जड़ा हुआ था? हीरा जड़ा हुआ था। वो हीरे का लिंग बदल करके स्वर्ण लिंग बना। सतोप्रधान, सतोप्रधान से सतोसामान्य, रजतलिंग बना। चांदी का। फिर वो ही लिंग? ताम्र लिंग बना। फिर ताम्र लिंग से नीचे आकर? पत्थर का बन गया। लोहे का बन गया। वो तो नीचे गिरना होता ही है। बाकी कोई कम नीचे गिरते हैं कोई पूरा ही नीचे गोता लगाते हैं। अब जो जितना नीचे जाएगा उतना ऊपर भी? आलराउंड पार्ट बजाना अच्छा है या अधूरा पार्ट बजाना अच्छा है? (सभी ने कहा - आलराउंड पार्ट।) तो क्यों का सवाल का जवाब क्या हुआ? (किसीने कहा - ऑलराउण्डर।) हाँ, जिसने अंत किया उसने सब कुछ किया। ब्रह्मा वाली आत्मा तो शरीर पहले ही छोड़ गई। अंत किया क्या? (किसीने कहा - नहीं।) अंत तो किया ही नहीं। तो मजा क्या आया जिंदगी का? जिंदगी का मजा तो तब है जबकि सारे संस्कार 84 जन्मों के, पूरे चक्कर के संस्कार भरे हुए हों। तो कहेंगे आत्मा पावरफुल है। जो ज्यादा दु:ख भोग सकता है वो ज्यादा? सुख भी भोग सकता है।

Student: Baba, what is the mistake that he committed?
Baba: What mistake did he commit? What is the question of mistake [in this]? A human being keeps committing mistakes. For a person who becomes the one with a stone like intellect, there

is no limit of mistakes. The *ling* which was a diamond *ling* earlier - what was embedded in the *Shivling*? A diamond was studded - That diamond *ling* changed into golden *ling*. [First it was] *satopradhaan* (consisting in the quality of goodness and purity), it changed from *satopradhaan* to *satosaamaanya* (where there is ordinary goodness and purity), a *rajatling* [meaning, the *ling* made] of silver. Then, the same *ling* became a *taamraling* (copper *ling*). Then it degraded from a copper *ling* [and became what]? It became a stone *ling*; it became a *ling* made of iron. That downfall is bound to happen. However, some experience lesser downfall [and] some experience a complete downfall. Now, the one who experiences more downfall will rise high to that extent. Is it good to play an *all round part* or an incomplete *part*? (Everyone said: All round part.) So, what is the answer to the question 'why'? (A student: All round actor.) The one who brought about the end did everything. The soul of Brahma already left its body. Did it bring about the end? It did not bring about the end at all. So, what is the enjoyment in the life? There is enjoyment in the life when all the *sanskaars* of the 84 births, of the entire cycle are recorded [in the soul]. Then it will be said that the soul is *powerful*. The one who can experience more sorrow can experience more happiness as well.

लेकिन मुख्य बात ये है, उनका नौकर बनना कोई खराब बात नहीं है। खराब बात ये है कि आखरी जन्म में आ करके सच्चाई को तो नहीं छोड़ा? भले हीरों की दुकान दोनों की थी। लेकिन झूठा धंधा कौन करता था और सच्चा धंधा कौन करता था? (जिज्ञासु - ब्रह्मा बाबा झूठा धन्धा...) ब्रह्मा बाबा झूठा धंधा करते थे। बड़े-2 राजाओं के घर में घुस जाते थे और बढ़िया डब्बी में भरके दे आते थे खोटा माल ☺। और वो भागीदार? भागीदार सच्चा धंधा करता था। ईमानदारी का धंधा करता था इसलिए आज की दुनिया में कौनसा धंधा पनपता है? झूठा धंधा पनपता है और सच्चा धंधा? नहीं पनपता है। तो श्रेष्ठ कौन हुआ और भ्रष्ठ कौन हुआ? (किसीने कहा - सच्चा धन्धा श्रेष्ठ हुआ।) जो राम वाली आत्मा है उसने सच्चा धंधा तो किया। चलो नौकर बनना पड़ा, ये क्या बड़ी बात हो गई? (जिज्ञासु ने कुछ कहा।) हाँ, जी-2। नौकर बनना पड़े, फिर गुरु कौन बना? (सभी ने कहा - वही।) ☺

But the main thing is that... it is not a bad thing to become his servant. The bad thing is... at least he did not leave truth in his last birth. Although, both had diamond shop but who used to do a false business and who used to do the business truthfully? (Student: Brahma Baba did false business.) Brahma Baba used to do false business. He used to enter the houses of big kings and he used to fill and give false items in fine boxes☺. And what about that partner? The partner used to do the business truthfully. He used to do the business honestly. This is why, what kind of business prospers in today's world? False business prospers and the true business does not prosper. So, who is elevated and who is unrighteous? (Student: the true business is elevated.) The soul of Ram at least did the business truthfully. OK, he had to become a servant [then], what is the big deal? (The student said something.) Yes. He had to become a servant, [but] then who became the guru [of Brahma Baba]? (Everyone said: He himself became the guru.) ☺☺☺. ... (to be continued.)

Extracts-Part-2

समयः 10.27-16.25

जिज्ञासुः बाबा ब्रह्मा बाबा ने पहले अपने दीदी को सुनाया कि एक और माता थी उसको सुनाया अपने साक्षात्कारों के बारे में?

बाबाः ब्रह्मा सो विष्णु। जो आदि में सो अंत में। सृष्टि की जब आदि हुई तो वास्तव में विष्णु स्वरूप कौन था पहले-पहले? (जिज्ञासु - पता नहीं।) क्यों आपको पता क्यों नहीं? जब सृष्टि की, नई सृष्टि की शुरुआत हुई नई दुनियां की शुरुआत हुई तो नई दुनियां में पहले-पहले विष्णु स्वरूप कौन बना?

जिज्ञासुः दो माताएं थी। दो माताओं में कौन था पता नहीं।

बाबाः वो आप तो संगमयुग की बात कर रहे हैं। हम नई सृष्टि की बात कर रहे हैं। सतयुग के आदि में तो पहले दो आत्माएं कौनसी थी जो पहले विष्णु बनती हैं? (जिज्ञासु - ब्रह्मा बाबा और सरस्वती।) ब्रह्मा बाबा (और) सरस्वती पहले विष्णु बनती हैं? लक्ष्मी-नारायण बन जाते हैं? (जिज्ञासु - नहीं।) वो बाद में लक्ष्मी-नारायण बनेंगे या पहले बनेंगे? (जिज्ञासु - बाद में।) तो पहले कौन बनेंगे? (जिज्ञासु - राम वाली आत्मा।) बुद्धि ढ़ुरी हुई है अभी भी।

Time: 10.27-16.25
Student: Baba, did Brahma Baba narrate about his visions to his elder sister (*didi*) first or to the other mother?
Baba: Brahma becomes Vishnu. Whatever happens in the beginning happens in the end [as well]. When the world began, who was the form of Vishnu in reality first of all? (Student: I don't know.) Why? Why don't you know? When the world, the new world began, then who became the form of Vishnu in the new world first of all?
Student: There were two mothers. I don't know which of these two mothers was involved.
Baba: You are speaking about the Confluence Age. I am speaking about the new world. In the beginning of the Golden Age, which were the first two souls that become Vishnu first of all? (Student: Brahma Baba and Saraswati.) Do Brahma Baba and Saraswati become the first Vishnu? Do they become Lakshmi Narayan? (Student: No.) Will they become Lakshmi-Narayan later on or first? (Student: Later.) So, who became [that] first? (Student: The soul of Ram.) Your intellect's inclination is still [towards Brahma]. ☺

राम-कृष्ण वाली आत्माओं में से जो राम वाली आत्मा है वो सृष्टि की आदि में पहले-पहले-2 विष्णु बनती है, पहला नारायण वो बनती है संगमयुगी नारायण। संगमयुगी नारायण पहला या सतयुगी नारायण पहला? संगमयुगी नारायण। नई दुनियां का पहला-पहला नारायण जो बनेगा वो ही फिर अंत में जा करके, जो आदि सो अंत बनेगा या नहीं बनेगा? अंत में बनेगा। माने वो एक युगल ऐसा था जिनके संस्कार आपस में मिले हुए थे। तो संस्कार आपस में मिले हुए हों तो एक दूसरे को दिल की बात बताते होंगे कि नहीं बताते होंगे? (जिज्ञासु - बताते होंगे।) तो सबके सामने नहीं बताया। पहले-पहले उसे बताया। दूसरों ने भल सुना हो। जिसने सुना हो वो जगदम्बा बच्ची कही जाती है। जगदम्बा को क्या कहा जाता है? बच्ची कहा जाता है।

Between the souls of Ram and Krishna, the soul of Ram becomes Vishnu first of all in the beginning of the world. It is he who becomes the first Narayan, the Confluence Age Narayan. Is the Confluence Age Narayan first or is the Golden Age Narayan first? The Confluence Age Narayan. The one who becomes the first Narayan of the new world, will he himself become that again in the end or not [as per the rule] whatever happens in the beginning happens in the end [as well]? He will become [that] in the end. It means, that one couple was such whose *sanskaars* matched with that of each other. So, if their *sanskaars* were matched with each other, would

they be sharing the secrets of the heart with each other or not? (Student: they must be sharing.) So, he did not narrate in front of everyone. He narrated to her first of all. Although the others must have heard. The one who heard [it] is called the daughter Jagdamba. What is Jagdamba called? She is called the daughter.

बाकी ये होता है सुनने समझने वाले अलग होते हैं। और सुन करके बोलने वाले अलग होते हैं। कोई बोलते बहुत हैं। समझते कम हैं। कोई समझते ज्यादा हैं। समझ लेते हैं अन्दर से। लेकिन बोलते नहीं हैं। अब दोनों माताओं में से कौनसी माता हो सकती है जो बोलने वाली थी? आज की दुनियां में बोलने वालों का ज्यादा महत्व है या समझने वालों का ज्यादा महत्व है? (जिज्ञासु - बोलने वालों का।) जो भी समझदार तबक्का है हिन्दुस्तान का, पढ़ा लिखा, वो सारा आज विदेश में जा रहा है कि भारत देश में रहता है? उसकी कोई वेल्यु नहीं है भारत में। और जो बोलने वाले हैं वो बोलने वाले भारतवर्ष में बहुत देखे जाते हैं। बिनु वाणी बख्तावर जोगी। वो तो शिवबाबा का गायन है। वाणी नहीं चलाता है। उसको अपना मुख ही नहीं है। दूसरे का मख लेकर के वाणी चलाता है।

As for the rest it happens that those who listen and understand are different and those who listen and speak are different. Some speak a lot [but] understand less. Some understand more…. They understand from within but they do not speak. Well, between both the mothers, which mother must be speaking [more]? In today's world is more importance accorded to those who speak [more] or is more importance accorded to those who understand? (Student: those who speak.) Is the intelligent section of India, which is well educated, going to foreign countries or does it live in India? They do not have any value in India. And those who speak [more] can be seen in large numbers in India. It is famous about Shivbaba: *binu vaani bakhtaawar jogi* (He is an ascetic who speaks a lot without a mouth). He does not speak. He does not have His own mouth at all. He uses others' mouth to speak.

दूसरा जिज्ञासुः बाबा, उसी में से दो माताओं में से एक मुरली में बोला एक माता तो पहले से थी और एक माता बाद में गुप्त में थी।
बाबाः गुप्त में थी? क्यों? कलकत्ते में तो दो-दो माताएं रखते थे। एक को दूसरा घर बना के देते थे। एक अपना, अपने घर की माता अपने घर में रहती थी।

Another student: Baba, it has been said in a murli that between those two mothers, one mother was from the beginning itself and the other mother came later in a hidden form.
Baba: She was in a hidden form? Why? People used to keep two wives in Calcutta. They used to build another house for one of them. The actual mother (wife) used to live in his (husband's) house.

दूसरा जिज्ञासुः जो दूसरी माता बताया, वो दूसरी माता किसको जगदम्बा को या वैष्णवी देवी को?
बाबाः अरे, आखरी जन्म में विष्णु का रूप जो पार्ट बजाने वाली होगी वो भारत माता होगी या जगतमाता होगी? भारत माता शिव शक्ति अवतार अंत का ये ही नारा है। रास्ते से डिगने वाली जगतमाता का पार्ट होगा या भारत माता का पार्ट होगा? (जिज्ञासु - भारत माता।) भारत माता का डिगने वाला पार्ट होगा? (जिज्ञासु - जगदम्बा।) जगदम्बा का पार्ट हो सकता है क्योंकि वो तो

ढ़ुरी हुई है। उसकी बुद्धि झुकी हुई है, इस्लामियों की तरफ भी झुकी हुई है, वो भी उसके बच्चे हैं। बौद्धियों की तरफ भी झुकी हुई है, वो भी उसके बच्चे हैं। क्रिश्चियन्स की तरफ भी झुकी हुई है, वो भी उसके बच्चे हैं। सब उसकी गोद में पलते हैं। सब उसकी गोद के ऊपर अधिकार जमाते हैं। दिल्ली के ऊपर... कोई धर्म ऐसा है जिसने दिल्ली के ऊपर अपना अधिकार न जमाया हो? दिल्ली माता है। वो ऐसी माता है जिसके ऊपर सब धर्मों ने अपना कब्जा किया है।

Another student: Was the other mother Jagdamba or Vaishnavi Devi?
Baba: *Arey*, will the one who plays the part of Vishnu in the last birth be Bharat Mata (Mother India) or Jagatmata (World Mother)? *Bharat Mata Shiv Shakti Avataar* this is the very slogan of the end. Will the *part* of wavering from the path be played by *Jagatmata* or by *Bharat Mata*? (Student: *Bharat Mata.*) Will *Bharat Mata* play the *part* of wavering? (Student: Jagdamba.) It can be the part of Jagdamba because she is inclined. Her intellect is inclined; it is inclined towards the people of Islam; they are her children. She is inclined towards the Buddhists as well; they are her children, too. She is inclined towards the Christians as well; they are her children, too. Everyone receives sustenance in her lap. Everyone claims his right over her lap. Over Delhi… Is there any religion which has not claimed its right over Delhi? Delhi is the mother. She is such a mother whom [the people of] all the religions have taken under their control.

दूसरा जिज्ञासुः तो फिर सुनने-सुनाने के निमित्त वही माता बनी क्या?
बाबाः लंबी जीभ जो होगी वो भक्तिमार्ग वालों की होगी या ज्ञानमार्ग वालों की होगी? (जिज्ञासु - भक्तिमार्ग।) लंबी जीभ किस बात की निशानी है? ज्यादा बोलने की निशानी है। तो कौनसी देवी है जो ज्यादा बोलने वाली दिखाई गई है? उसके सामने कोई टिक ही नहीं सकता। ब्रह्माकुमारियों की तो बात ही छोड़ो, दीदी, दादी, दादीयों की। एडवांस पार्टी में भी कोई ऐसी नहीं है जो वाचा में उससे जीत जाए। होगी? नहीं होगी। वो महाकाली है। वो सबकी बलि लेने वाली है। वाचा में उसको कोई हराय नहीं सकता ज्ञान में।

Another student: So, did the same mother (Jagdamba) become instrument for listening and narrating?
Baba: Do the people following the path of *bhakti* have a long tongue or will those who follow the path of knowledge have a long tongue? (Student: the path of *bhakti*.) What does a long tongue indicate? It indicates speaking more. So, which *devi* (female deity) has been depicted as the deity who speaks more? Nobody can hold ground in front of her at all. Leave aside the topic of the Brahmakumaris, of the *didis* and *dadis*. There is nobody in the advance [party] who can gain victory over her in speech either. Will there be anyone? There will not be anyone. She is Mahakali. She will have everyone sacrificed. Nobody can defeat her in speech, in knowledge.

समयः 17. 02-17. 54
जिज्ञासुः बाबा, शंकराचार्य ने कब कहा कि पांच-पांच शादियाँ करो, दो शादियों करो?
बाबाः अभी भी कह रहे हैं।
जिज्ञासु: कह रहे हैं?
बाबा: हाँ, मुसलमानों की, क्रिश्चियन्स की संख्या हिन्दुस्तान में बढ़ती जा रही है। तो हिन्दुओं का वर्चस्व कम होता जा रहा है। वोटिंग उनको कम मिलती है। मुसलमानों की ज्यादा तादाद

होने से कांग्रेस पार्टी जीतती चली जाती है। तो उनकी बुद्धि ऐसी घूम गई कि ज्यादा शादीयां करेंगे हिन्दू लोग तो ज्यादा बच्चे पैदा होंगे। ज्यादा बच्चे पैदा होंगे तो जेनरेशन बढ़ेगी। उल्टी बुद्धि हो जाती है। अरे, शेर जैसा एक बच्चा अच्छा या गधेड़ों जैसे ढेर सारे पैदा हो जाएं वो ज्यादा अच्छे? (सभी ने कहा - शेर जैसा एक बच्चा।) फिर?

Time: 17. 02-17. 54
Student: Baba, when did Shankaracharya say that you should marry five times or twice?
Baba: They are saying that even now.
Student: Are they saying that?
Baba: Yes. The number of the Muslims [and] the Christians is increasing in India. So, the dominance of the Hindus is decreasing. They get fewer votes. Because the population of the Muslims is more the Congress Party continues to win. So, their intellect turned in this way that if the Hindus marry more, they will reproduce more. If they give birth to more number of children, their *generation* (population) will increase. Their intellect becomes opposite. *Arey*, is it good to have one lion like child or is it good if numerous donkey like children are born? (Everyone said: one child like a lion [is good].) Then? … (to be continued.)

Extracts-Part-3

समयः 17.58-19.30

जिज्ञासुः बाबा, कई सी.डी. में ऐसे बोला कि बाबा से ज्यादा प्रश्न करते हैं माना मुरली ध्यान से नहीं सुनते या समझते नहीं ज्ञान को। तो कई भाई-बहनों को अंदर-अंदर में क्वेश्चन उठते हैं लेकिन वो पूछते नहीं हैं। अबकी बार ज्यादा करके मोस्टली यही हो रहा है कि बाबा ने कई सी.डी. में बोला है कि प्रश्न पूछना माना मान लो बाबा के ऊपर निश्चय नहीं है, मुरली पर निश्चय नहीं है इसलिए प्रश्न पूछते है।

बाबाः लेकिन अव्यक्त वाणी में तो बोला है प्रश्न भी दो प्रकार से पूछने वाले होते हैं। एक ऐसे होते हैं अपनी जिज्ञासा को और दूसरों की जिज्ञासा को शान्त करने वाले और दूसरे ऐसे होते हैं डाउन करने के लिए, आपोजिशन करने के लिए। तो कौनसा प्रश्न करना अच्छा है? (सभी - जिज्ञासा शांत करने के लिए।) अपनी और दूसरों की जिज्ञासा शान्त हो जाए, उनके प्रश्नों का समाधान हो जाए, मुंझे हुए न रहें। वो तो अच्छी बात है। अपोजिशन करने के लिए प्रश्न पूछना वो खराब बात है। और कचड़ा तो कैसा भी हो अन्दर, प्रश्नचित्त का जो कचड़ा है वो अन्दर रखना अच्छा है या बाहर निकालना अच्छा है? (जिज्ञासु - बाहर निकालना।) कचड़ा अन्दर रखेंगे, नहीं पूछेंगे, अन्दर-अन्दर बढ़ता रहेगा, सड़ता रहेगा, प्रदूषण फैलाता रहेगा या खत्म हो जाएगा? प्रदूषण फैलाता रहेगा। बुद्धि को खराब कर देगा।

Time: 17.58-19.30
Student: Baba, it has been said in many CDs that if someone asks more questions , Baba thinks that this one does not listen to the murli attentively or that he does not understand the knowledge. Therefore, questions arise in the mind of many brothers and sisters but they do not ask. This is what is happening mostly at this time that [people think,] Baba has said that asking questions means there is lack of faith on Baba or lack of faith on murli this is why they ask questions.

Baba: But it has been said in the avyakt vani that those who ask questions are also of two kinds. One are those [who ask questions to] pacify their own curiosity (*jigyaasaa*) or others' curiosity. And the other are those [who ask questions to] pull someone *down*, to oppose [Baba]. So, it is good to ask which kind of question? (Everyone: [the question that is asked] to pacify curiosity.) Their own curiosity as well as others' curiosity should be pacified. They should get a solution to their question. They should not remain confused. That is indeed a good thing. It is a bad thing to ask questions to oppose [Baba]. And let it be any kind of dirt within, is it good to keep the dirt of questions inside the mind or is it good to take it out? (Student: It is good to take it out.) If you keep the dirt inside, if you do not ask [questions], will it keep increasing inside, rotting, will it spread pollution or will it end? It will keep spreading pollution. It will spoil the intellect.

समयः 19.33-20.40

जिज्ञासुः बाबा, जो संगठन में नहीं आते उन्हें बुलाना चाहिए या नहीं?

बाबाः प्योरिटी से युनिटी होती है।

दूसरा जिज्ञासुः दो-तीन महीना तक संगठन में नहीं आते।

बाबाः ये हमारे ऊपर आती है बात। हमारे अन्दर कोई प्योरिटी की कमी है इसलिए युनिटी नहीं बनती है। गीतापाठशाला के इन्चार्ज लोगों को तो ये बात उठानी ही नहीं चाहिए। क्या? कि भाई-बहन क्यों नहीं आते हैं? भारतवर्ष में प्योरिटी की कमी हो गई तभी तो दूसरे-दूसरे धर्मों में जाके कन्वर्ट हो गए। अगर भारतवासियों की प्योरिटी ज्यों की त्यों देवताओं जैसे मेनटेन बनी रहती तो दूसरे धर्मों में कन्वर्ट क्यों हो रहे हैं? प्योरिटी तो अपनी ओर आकर्षित करती है।

Time: 19.33-20.40
Student: Baba, should we call those who do not come to the *sangathan* (gathering) or not?
Baba: *Purity* brings *unity*.
Another Student: They do not come to the *sangathan* for two-three months.
Baba: This is our shortcoming. There is lack of *purity* in us; this is why the *unity* is not formed. The in-charges of the *gitaapaathshaalaas* should not raise this topic at all. What? That why don't brothers and sisters come? *Purity* decreased in India; this is why they converted to other religions. If the purity of the *Bharatwaasis* (the residents of India) remained maintained as it was, like the deities, then why are they converting to the other religions? *Purity* attracts towards itself.

समयः 20.42-23.40

जिज्ञासुः बाबा ने मुरली में बोला कि बाप भी कलंकीधर है तो बच्चे भी सारे क्या होंगे? अभी बाप कलंकीधर बन गया है, इस टाइम संगमयुग में कलंकीधर है, तो बच्चे भी नंबरवार क्या होंगे? कलंकीधर होंगे। लेकिन एडवांस में आते ही जब ऐसा होने लग जाता है तो मूँझ जाते हैं भाई बहन ।

बाबाः क्यों मूँझ जाते?

Time: 20.42-23.40

Student: Baba has said in the murli that when the Father is *kalankidhar* (the one who bears disgrace); so, what will all the children also be? Now, the Father has come as *kalankidhar* at this time in the Confluence Age; so what will the children also be number wise? They will be *kalankidhar*. But as soon as it starts happening like this after entering the advance [knowledge] the brothers and sisters become confused.
Baba: Why do they become confused?

जिज्ञासुः पहले ऐसा तो नहीं था, वैसा होने लगा। जब से भट्ठी करके आये हैं तब से रोग भी ज्यादा हो गये। बदनामी भी ज्यादा हो गई। पैसा भी खतम हो गया।
बाबाः और श्रीमत के बरखिलाफ चलना ज्यादा नहीं हो गया?
जिज्ञासुः इसीलिए ये ज्यादा मूँझ जाते हैं।
बाबाः नहीं। श्रीमत के बरखिलाफ चलना ज्यादा नहीं हो गया?
जिज्ञासुः ये तो चेकिंग अपनी हो तब न।
बाबाः अच्छा। श्रीमत के बरखिलाफ जितना चलेंगे उतनी अवस्था डाउन होती जाएगी। ऐसे भी तो हैं जिनकी अवस्था डाउन नहीं होती है। फिर? तो फालो किसको करना चाहिए? जिनकी अवस्था डाउन नहीं होती है उनको फालो करो।
जिज्ञासुः बाप के ऊपर ही इतने कलंक लग रहे हैं तो हमारे ऊपर भी इसलिए लग रहे हैं।
बाबाः लेकिन कलंक लग रहे हैं, परवाह कितनी करता है कौन? जिनके ऊपर कलंक लगे हैं, अगर अन्दर कमजोरी है तो परवाह करेगा - हाय, हमारे ऊपर कलंक लग गया। और चोर ने चोरी की ही नहीं है, तो दहाड़ेगा या परेशान होगा? (जिज्ञासु - कहने दो, बोलने दो।) हां, बोलने दो। प्रभावित होना माना प्रजा। दूसरा कोई कुछ कह देता है और हम प्रभावित हो गए, हमारी ग्लानी कर दी। हम तो मुँह दिखाने काबिल नहीं रहे। अब हम तो कहीं नहीं निकलेंगे। घर में बैठ जाएंगे। तो ये प्रभावित होना हुआ या नहीं हुआ? प्रभावित हो गए माने हम उसकी प्रजा बन गए।

Student: [They say:] it was not like this before [and] now it has started happening like this; ever since we have returned from *bhatti*, diseases have increased, defamation has also increased. The money has also exhausted
Baba: And did they not violate the *shrimat* more?
Student: They become more confused.
Baba: No. Have they not violated the *shrimat* more?
Student: [They will know this] when they check themselves.
Baba: *Acchaa*. The more you violate *shrimat*, the more your stage will go *down*. There are such ones also whose stage does not go *down*. Then? So, who should you *follow*? You should *follow* those whose stage does not go *down*.
Student: The Father is disgraced so much, therefore, we are also disgraced.
Baba: He is disgraced more but [it matters] who cares [about it] to what extent. If the one who is disgraced has a weakness within, then he will worry, "Oh, I am being disgraced". And if a thief has not stolen anything at all, will he roar or will he worry? (Student: Let him say, let him speak.) Yes, let them speak. To become influenced means to become a subject. If a person says something and we become influenced [thinking:] he defamed me, I am no more worth to show

my face [to the people]. Now, I will not go out anywhere. I will sit at home. So, is this being influenced or not? If we become influenced it means that we became his subject.

जिज्ञासुः उनकी गालियों से जो मन दुखाया या फीलिंग किया...
बाबाः तो हम उनकी प्रजा बन गए ना। (जिज्ञासु - प्रजा बन गये।) फिर?
जिज्ञासुः जैसे अभी एडवांस का ज्ञान देते हैं तो ब्रह्माकुमारीज़ का डर लगता है कि जेल में डाल देंगे या अखबारों में छपवा देंगे या हमारे घर के ऊपर भी अटैक करेंगे।
बाबाः जो भी करें। जब मुरली में बोल दिया तुम बच्चे आये हो जान हथेली पर लेकर। बाबा, ये लो। सर हथेली पर लेकर आए हो।
दूसरा जिज्ञासुः पूरा बलि चढ़ना है।
बाबाः देखो। नेपाल में तो घर-घर में छुरी चलाना सिखाया जाता है बलि चढ़ाने के लिए।
जिज्ञासुः खुखरी बाबा।
बाबाः खुखरी, हाँ। कुछ नहीं मार सकते तो मुर्गी तो मारो।☺
जिज्ञासु: आसान है।

Student: Their abuses gave pain to our mind or we feel sad...
Baba: Then, we became their subjects, didn't we? (Student: we became subjects.) Then?
Student: For example, now, when they give the advance knowledge, they fear the Brahmakumaris that they will put them in jail or they will publish [bad things about them] in the newspaper or that they will *attack* their house.
Baba: Let them do anything. When it has been said in the murli: you children have come with your life on your palm (risking your life); [you say:] Baba, take this (Baba is showing by bringing his hand forward). You have come with your head on your palm.
Another student: You have to sacrifice completely.
Baba: Look. In every home in Nepal, people are taught to use the dagger to offer sacrifice [to the deities].
Another student: Baba [it is called] *khukhri*.
Baba: *Khukhri*. Yes. If you cannot kill anything, at least kill a hen☺. ... (to be continued.)

Extracts-Part-4

समयः 23.47-25.35

जिज्ञासुः और किसी के मन में ये भी.... जैसे बाबा की मुरली में कई प्वाइंट्स होते हैं तो उसका उल्टा अर्थ भी लग रहा है। जैसे मान लो बाबा ने कहा है कि बाबा तो पतित को ही पावन बनाता हैं। तो पहले पतित बनेंगे तब ही तो पावन बनेंगे ना। (सबने कहा: बाद में।)
बाबाः माने अभी जो टाइम चल रहा है वो पतित बनने का टाइम चल रहा है या पावन बनने का टाइम चल रहा है? (जिज्ञासु - पावन बनने का।) अगर पावन बनने के टाइम पर कोई पतित बनना शुरु करे तो नंबर कहाँ लगेगा? बाद में लगेगा या पहले नंबर लगेगा?
जिज्ञासुः बोले कि वो नंबर 1 आत्मा पतित होती है, वो ही नंबर 1 पावन बनती है।
बाबाः हाँ, तो जो नंबर 1 पतित होगा, पहले ही नंबर 1 पतित बन गया होगा उसका नंबर 1 पहले आगे लगेगा या जबकि नंबर बाद में हो जाएगा तब नंबर आगे लगेगा?

Time: 23.47-25.35
Student: And there is also this thought in the mind of some people... there are many points in Baba's murli, they are misinterpreting them. For example, Baba has said that Baba purifies only the sinful one. So, [they say:] someone will become pure only when he becomes sinful, will he not?
Baba: Does it mean that... The *time* that is going on now; is it the time to become sinful or to become pure? (Student: to become pure.) If someone starts becoming sinful when it is the *time* to become pure, then which *number* (rank) will he achieve? Will he achieve the last number or the first number? (Students: the last number.)
Student: They say that the soul who becomes No.1 sinful; he himself becomes No.1 pure.
Baba: Yes, so the one who is *No.1* sinful, the one who would have become *No.1* sinful in the beginning itself, will he achieve the first number or will someone achieve the first number on becoming [sinful] later?

जिज्ञासुः ज्ञान आने के बाद भी पतित बने हैं तो भी पावन थोड़ी बनेंगे।
बाबाः जब ज्ञान मिल गया माने बाप मिल गया ना। (जिज्ञासु - हाँ, जी।) जब बाप मिल गया है तो बाप के अवज्ञाकारी बनने से हम पावन बन जाएंगे या आज्ञाकारी बनने से पावन बन जाएंगे? (जिज्ञासु - आज्ञाकारी बनने से।) तब तो उल्टा ज्ञान उठा लिया। बुद्धि ही भ्रष्ट हो गई। फलों के भी पकने का भी सीजन होता है। क्या? कोई फल होते हैं... कोई क्या, सभी फल। जब सीजन है पकने का तब वो लगना शुरु हो तो वो क्या फल देगा? क्या उसकी कीमत होगी? तो ये भी सीजन है पतित से पावन बनने का। और पतित से पावन बनने के सीजन में कोई पतित बनना शुरु कर दे, शादियाँ करना शुरु कर दे, बच्चे पैदा करना शुरु कर दे, तो क्या कहेंगे? पतित बुद्धि है, एकदम भ्रष्ट बुद्धि हो गई या पावन बुद्धि बनी? भगवान का बच्चा बना या शैतान का बच्चा बन गया? शैतान का बच्चा बन गया।

Student: If someone becomes sinful even after receiving knowledge, he will not become pure.
Baba: When we have received the knowledge it means that we have found the Father, haven't you? (Student: yes.) When we have found the Father, will we become pure by disobeying His orders or will we become pure by becoming obedient? (Students: by becoming obedient.) It means they have grasped the knowledge in an opposite manner. The intellect itself became corrupt. There is a *season* for the fruits to ripe as well. What? There are some fruits... It is not some, [but] all the fruits. If a tree starts producing fruits when it is a *season* for the fruits to ripe, then what fruits will it produce [in the season]? What will be its value? So, this is also a *season* to transform from sinful to pure. And if someone starts becoming sinful in the *season* to transform from sinful to pure , if he starts marrying, reproducing, then what will be said [about him]? Does he have a sinful intellect, did his intellect become completely corrupt or did his intellect become pure? Did he become God's child or a devil's child? He became a devil's child.

समयः 25.40-26.30
जिज्ञासुः पहले भी ब्रह्मा बाबा से कोई पूछा था कि बाबा ये खा लें, बाबा शादी कर लें, तो बाबा कहते थे भले करो। तो आज भी कई बोलते हैं कि बाबा ने तो कहा है ऐसे।
बाबाः बाबा ने कहाँ कहा? बाबा ने कहाँ कहा?

जिज्ञासुः कोई बात पूछा कि चलो भले करो, भले करो।

बाबाः तो बाबा अभी मौजूद नहीं है क्या? जो मौजूद बाबा है, जो साकार में प्रैक्टिकल में है, उससे पूछना चाहिए या मरे हुए से पूछना चाहिए? श्रीमत किसकी फालो करना है?

जिज्ञासुः जो साकार में है।

बाबाः जो साकार में, प्रैक्टिकल में मौजूद है उसकी मत फालो करना है।

जिज्ञासुः उनका फोन से कनेक्शन नहीं होता है।

बाबाः मरे हुए को श्रेष्ठ कहेंगे या जो जिन्दा है और जिन्दा ही रहेगा अन्त तक उसको श्रेष्ठ कहेंगे? अकालमूर्त कौन है?

जिज्ञासुः जिसको कोई देख नहीं सकता शरीर छोड़ते हुए ।

Time: 25.40-26.30
Student: Just like, before also, when someone used to ask Brahma Baba: Baba, should we eat this? Baba, should we get married? Baba used to say: You may. [Therefore,] even today many people say: Baba himself has permitted this.
Baba: When did Baba say so?
Student: If they asked something, he (Brahma Baba) used to say: Alright, you may do it...
Baba: So, isn't Baba present now? Should you ask the Baba who is present in a corporeal form, in practice or should you ask the dead one? Whose *shrimat* should you *follow*?
Student: The one who is in a corporeal form.
Baba: We have to *follow* the directions of the one who is present in a corporeal form, in practice.
Student: They are unable to have connection [with Baba] on phone.
Baba: Will the dead one be called elevated or will the one who is alive and will remain just alive till the end be called elevated? Who is *akaalmuurt*[1]?
Student: The one whom nobody can see while leaving the body.

समयः 26.34-30.55

जिज्ञासुः बाबा, बचपन में राधा खेलपाल करती है ना। कृष्ण के बगीचे में आती है। वो शूटिंग हो गई कि बाकी है?

बाबाः अभी राधा की हवा तक मिल नहीं रही है। और कह रहे हैं शूटिंग हो गई। अभी तो अव्यक्त वाणी में डायरेक्शन दिया है विजयमाला का आवाहन करो। आवाहन करो का मतलब जो शहद की मक्खियों की रानी है, शहद की मक्खियों का आवाहन करो तो कैसे आवाहन किया जाता है? जो शहद की मक्खियां पालने वाले होते हैं शहद की मक्खियों को आवाहन करते हैं तो कैसे करते हैं? रानी मक्खी को पकड़ लेते हैं। यहाँ भी बुद्धि से पकड़ के रखो। विजयमाला की हेड को बुद्धि से पकड़ के रखेंगे, आवाहन करेंगे, खींचेंगे बाबा की याद में तो क्या होगा रिजल्ट? (किसी ने कहा- सभी मक्खियां आ जायेंगी।) वो रानी मक्खी आ जाएगी तो पीछे-पीछे 16000 सारी ही आ जाएंगी।

[1] The one whose body is not devoured by death

Time: 26.34-30.55
Student: Baba, Radha plays [with Krishna] in her childhood, doesn't she? She comes in the garden of Krishna. Is that shooting over or is it yet to happen?
Baba: There is not even the trace of Radha yet and you are saying that the *shooting* is over. ☺ Now, a *direction* has been given in the avyakt vani: invoke the *Vijaymala* (rosary of victory). To invoke (*aavaahan karo*) means… The queen bee of honey bees… if you wish to invoke honey bees, how are they invoked? How do the honey bee keepers invoke the honey bees? They catch the queen bee. So, here too catch her through the intellect. If you catch the *head* of the *Vijaymala* through the intellect, if you invoke her, pull her in the remembrance of Baba, then what will be the *result*? (Someone said: all the honey bees will follow her.) If the queen bee comes, all the 16000 [bees] will follow her.

दूसरा जिज्ञासुः जब वो 16000 आएंगी बाबा क्या सबको भट्ठी ऐसे ही करनी पड़ेगी जैसे अभी भट्ठी चल रही है?

बाबाः बोल तो दिया अभी दुबारा भी समर्पण समारोह करेंगे।

दूसरा जिज्ञासुः दुबारा करेंगे?

बाबाः हाँ। दुबारा। अव्यक्त वाणी में बोला है। ऐसे नहीं कि ये पहला समर्पण समारोह लास्ट हो गया। नहीं। दुबारा समर्पण समारोह भी होगा। अभी जो पैदाइश हो रही है वो पैदाइश श्रेष्ठ पैदाइश हो रही है या बिच्छू टिण्डन की पैदाइश हो रही है?

जिज्ञासुः बिच्छू-टिण्डन।

बाबाः बेसिक नालेज में या एडवांस नालेज में?

जिज्ञासुः दोनों में।

बाबाः दोनों में बिच्छू-टिण्डन पैदा हो रहे हैं। (किसीने कहा - बाबा, दोनों में ही है?) हाँ, दोनों तरफ के जो बन्दे हैं उनको अपनी रग लगी हुई है देहभान की। सेवा जो कुछ करते हैं वो तो बापदादा की आत्मा प्रवेश करके सेवा कर रही है। बच्चे नहीं सेवा कर रहे हैं।

Another student: Baba, when those 16000 [bees] come, will they all have to do the *bhatti* in the same way as the *bhatti* is organized now?
Baba: It was already said that the 'surrender ceremony' will be organized once again.
Another student: Will it be organized once again?
Baba: Yes. Once again. It has been said in the avyakt vani. It is not that this first surrender ceremony is the *last* one. No. The surrender ceremony will be organized once again. Is the progeny that is being born now an elevated progeny or is the birth of scorpions and spiders taking place?
Student: Scorpions and spiders.
Baba: Is it in the *basic knowledge* or in the *advance knowledge*?
Student: In both.
Baba: Scorpions and spiders are being born in both. ☺ (Someone said: Baba, is it in both?) Yes, the people on both sides are busy in their own interest of body consciousness. Whatever service they do is being done by the soul of Bapdada by entering them. It is not the children who are doing the service.

जिज्ञासुः बाबा, राधा जो आएगी कृष्ण के बगीचे में, मन-बुद्धि से कि शरीर से बाबा? और कब तक?

बाबाः मन-बुद्धि से अभी नहीं आती है? मन-बुद्धि से अभी नहीं आती होगी? (जिज्ञासु - आती होगी ।) फिर? वो तो सभी ब्रह्माकुमारियाँ जिनकी बुद्धि में एडवांस नालेज बैठती है या सुनती है या चोर बाजारी करती हैं तो उनकी बुद्धि भागेगी नहीं वहाँ?

दूसरा जिज्ञासुः चोरबाजारी माना बाबा?

बाबाः चोरबाजारी माना छुप-छुप के सुनना। कमरा बन्द कर लेना। और बड़ी-बड़ी जो हमजिन्स बहनें हैं हमजिन्स दीदी-दादियां हैं वो बैठ करके उसको पढ़ती हैं, देखती हैं, टी.वी देखती हैं। वो हो गई चोरबाजारी। दुनियां में चोर बाजारी आज चल रही हैं कि नहीं? (सभी - चल रही है।) सोने की, हीरों की चोरबाजारी चलती है कि नहीं? (किसीने कहा - चलती है।) खुले मार्केट में ज्यादा बिकते हैं या चोर बाजारी में ज्यादा बिकते हैं? (जिज्ञासु - चोर बाजारी में।) चोर बाजारी में ज्यादा बिक रहे हैं। तो बेहद में भी ऐसे ही है।

Student: Baba, will Radha come to Krishna's garden through the mind and intellect or through the body? (All are laughing.) And by when?

